क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन(म.प्र.)

Registered under Section 2(f) of the UGC Act, 1956

Email ID- ktbuniv@gmail.com
Website-ktbuniv.ac.in
राज नगर गेट के पास
बिस्टान रोड खरगोन

क्र./..73../शैक्षणिक/सम्बद्धता/2026 खरगोन, दिनांक :- 23/03/2026

// संशोधित अधिसूचना //

क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय से सत्र 2026-27 की अस्थाई सम्बद्धता / नवीनीकरण / पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों की निरंतरता / सीट संख्या वृद्धि प्राप्त करने, नवीन महाविद्यालय / नवीन विषय / शोध केन्द्र प्रारम्भ करने एवं पूर्व से संचालित विषयों की उत्तरवर्ती कक्षाओं की अस्थाई सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल /केन्द्रीय निकाय की अनुमति के साथ विश्वविद्यालय में सम्पूर्ण जानकारी (आवश्यक प्रपत्रो) के साथ CRISP के माध्यम से आवेदन एवं शुल्क, 18% जी.एस.टी. सहित जमा करने की अधिसूचना कार्यालयीन पत्र क्र./56/शैक्षणिक/ सम्बद्धता/2026 खरगोन, दिनांक 28/02/2026 द्वारा जारी की गई थी, जिसमें उपरोक्तानुसार आवेदन हेतु बिना विलम्ब शुल्क के सम्बद्धता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 12 मार्च 2026 निर्धारित थी। तत्पश्चात् विश्वविद्यालय की संशोधित अधिसूचना क्र. 63/शैक्षणिक/संबंद्धता/2026, खरगोन दिनांक 07/03/2026 द्वारा अंतिम **तिथि 20 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी। इस अंतिम तिथि में वृद्धि कर 26 मार्च 2026 की जाती है।**

माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय इन्दौर में दायर याचिका क्र./WP/7920/2024 में दिनांक 27/02/2026 को जारी अंतरिम आदेश के परिपालन में सत्र 2026-27 हेतु महाविद्यालयों की सम्बद्धता शुल्क की 50 प्रतिशत राशि स्वीकार की जाएगी। विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में संचालित होने वाले महाविद्यालयों द्वारा संबंद्धता शुल्क की 50 प्रतिशत राशि दिनांक 26 मार्च 2026 तक बिना विलम्ब शुल्क के तथा दिनांक 20 मई 2026 तक विलम्ब शुल्क के साथ जमा की जा सकेंगी।

विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में संचालित होने वाले महाविद्यालयों द्वारा जमा किया गया सम्बद्धता शुल्क की राशि संबंधी, आगामी समस्त निर्णय माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय इन्दौर में दायर याचिका क्र./WP/7920/2024 के आगामी आदेशों के अध्याधीन रहेंगे।

आदेशानुसार
Mkz
23/03/2026
(डॉ. मनोहर दास सोमानी)
कुलसचिव

क्र./..74.../ शैक्षणिक/सम्बद्धता/2026 खरगोन, दिनांक :- 23/03/2026

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र.शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. निज सहायक, माननीय कुलगुरू जी, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, इंदौर संभाग इंदौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्राचार्य/संचालक, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शासकीय/अशासकीय/स्वशासी महाविद्यालय, खरगोन, बड़वानी, खण्डवा, बुरहानपुर एवं अलिराजपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. विभागाध्यक्ष, आई. टी. सेन्टर की ओर विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(विरेन्द्र उचवारे)
सहा. कुलसचिव